हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

कक्षा 6वी, 7वी, 8वी एवं 9वी में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 30 जनवरी तक

मण्डला। श्रम पदाधिकारी जिला मंडला ने बताया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, श्रम विभाग द्वारा श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वी, 7वी, 8वी एवं 9वी में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से 30 जनवरी 2025 तक ऑनलाईन पोर्टल www.mpsos.nic.in के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रवेश परीक्षा 9 फरवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल www.mpsos.nic.in से डाउनलोड किये जा सकेंगे।

शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग मंडला को प्रदेश में प्रथम स्थान

मण्डला। ऊर्जा विभाग मण्डला द्वारा शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करते हुए माह नवम्बर 2024 में 99.97 प्रतिशत, दिसम्बर 2024 में 99.81 प्रतिशत एवं जनवरी 2025 में 100 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। इस संबंध में मो. अयूब खान अधीक्षण अभियंता (संचा.संधा.) मण्डला के द्वारा मण्डला वृत के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शिकायतों के निराकरण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधीक्षण अभियंता मो. अयूब खान के कुशल मार्गदर्शन में अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण किया गया।

किसान न्याय आंदोलन में कांग्रेस ने ली शपथ

लड़ते रहेंगे किसानों के अधिकारों की लड़ाई

*** बिछिया विधानसभा के ग्राम मांद में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए और गेंहू का 2700 रूपए प्रति क्विंटल दिलाने को लेकर बिछिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मांद में किसान न्याय आंदोलन का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता जिसमें मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, जबलपुर विधायक लखन घनघोरिया, बैहर विधायक संजय उइके, डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, परसवाड़ा विधायक मधु भगत, पूर्व विधायक संजय यादव सहित प्रदेश भर से नेतागण शामिल हुए। एक तरह से यह आयोजन बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा का शक्ति प्रदर्शन था जो उन्होंने प्रदेश कांग्रेस महासचिव बनने के बाद अपनी विधानसभा में किया। आंदोलन की शुरुआत महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। केवलारी विधायक रजनीश सिंह ने कहा कि जल जंगल जमीन से आदिवासियों का नाता रहा है कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए काम किया है वहीं भाजपा ने एमएसपी बढ़ाने का जो वादा किया था उसे भी पूरा नहीं किया गया। जबलपुर विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि भाजपा ने घोषणा की थी कि बिजली, खाद के दाम कम किए जाएंगे जिसे पूरा नहीं किया गया। किसानों को हमेशा छलने का काम किया गया है। धान, गेहूं के एमएसपी बढ़ाने के वादे से भाजपा की सरकार लगातार भागती रही है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो वर्तमान में कृषि मंत्री हैं उन्होंने भी आज तक अपने ही वादे को पूरा नहीं किया है। एक तरफ कहा जा रहा है कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है वही किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य हो रहे हैं। कमलनाथ सरकार ने अपने 15 महीने के कार्यकाल में करीब 27995 किसानों का कर्ज माफ किया था जिसमें लगभग 11000 करोड़ की कर्ज माफी राशि शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता संविधान के निर्माता भीमराव अंबेडकर से चिढ़ते हैं संविधान से चिढ़ते हैं। आरक्षण की योजना से चिढ़ते हैं जबकि अंबेडकर ने सभी के लिए लड़ाई लड़ी थी। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा लगातार किसानों आदिवासियों की मांगों के लिए पूरी ताकत से लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी तरह राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि एक साल पहले भाजपा सरकार ने कहा था कि धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये और गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए की जाकर खरीदी की जाएगी। भाजपा सरकार अपने ही बातों से लगातार मुकरती जा रही है। जयवर्धन ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों को दिए जाने वाले समर्थन मूल्य को बढ़ाने की सबसे पहले और पुरजोर मांग को जीतू पटवारी ने उठाया है। जयवर्धन ने कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि आदिवासी वनवासी हैं जबकि हम कहते हैं कि आदिवासी वनवासी नहीं बल्कि वनों के राजा है। उन्होंने भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली मऊ में होने वाले 27 जनवरी के आयोजन में सभी लोगों को आने की अपील की। उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि एक तरफ मंत्री कहते हैं कि खाद की कोई कमी नहीं है तो फिर किसान खाद के लिए लगातार परेशान क्यों है। उन्हें सड़क पर उतरना पड़ रहा है। हेमंत कटारे ने कहा कि एक तरफ सहकारिता मंत्री कहते हैं कि खाद की कमी नहीं है। दूसरी तरफ कृषि मंत्री कहते हैं कि यूक्रेन में युद्ध चल रहा है जिसके कारण खाद का संकट है। इस तरह खाद को लेकर किसानों, आदिवासियों को भटकाया जा रहा है। उन्होंने हाल ही में आरटीओ के क्षेत्र में हुए घोटाले के बारे में कहा कि सौरभ शर्मा की फर्जी नियुक्ति आरटीओ में की गई और अब बड़ा भ्रष्टाचार सामने आने के बाद उसे बचाने का प्रयास भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि भाजपा ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का काम किया है उन्होंने बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा को बधाई देते हुए कहा कि नारायण सिंह पट्टा ने क्षेत्र के आदिवासी किसानों की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाने का पूरा सफल प्रयास किया है और उनके आवाज को पूरे प्रदेश में उठाने के काम कांग्रेस द्वारा किया जाएगा।

बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने जय जवान जय किसान के संबोधन के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। श्री पट्टा ने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 20 सालों से पूरे प्रदेश में किसानों आदिवासियों का शोषण कर रही है श्री पट्टा ने कहा कि भाजपा ने 2023 में किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये और गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए देने की घोषणा की थी आज भाजपा सरकार को लगभग 15 माह का समय पूरा हो गया है धान खरीदी अंतिम चरण में है लेकिन आज तक किसानों को अपने ही घोषणा से बहुत कम समर्थन मूल्य में गेहूं और धान की खरीदी कर रही है।कार्यक्रम के अंत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सबसे पहले कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को कहा कि इतनी कड़ी धूप में आप सभी बैठे हैं इसलिए हम भी छांव में कैसे बैठ सकते थे इसलिए हम भी अपना माइक लेकर धूप में खड़े हुए हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि आप सभी आदिवासी इस धरती के मालिक हैं जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए आदिवासियों ने अपने प्राणों को न्योछावर किया है। कांग्रेस हमेशा आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ती रही है और लड़ते रहेगी। इस आंदोलन में कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्त्ता सहित जिले भर से दस हजार से अधिक किसान और आमजन सम्मिलित हुए।

पीएम जनमन में श्रेष्ठ कार्यों के लिए मंडला की राष्ट्र स्तर पर हुई सराहना

*** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नई दिल्ली में आयोजित कॉफ्रेंस में किया प्रस्तुतिकरण।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

भारत मंडपम नई दिल्ली में पीएम जनमन डीएम/डीसी कॉफ्रेंस का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कॉफ्रेंस में देश के 18 राज्यों के विशेष पिछड़ी जनजातीय जनसंख्या वाले जिलों को शामिल किया गया। मध्यप्रदेश से मंडला सहित अन्य 12 जिलों ने इसमें हिस्सा लिया। पीएम जनमन अंतर्गत बेहतर कार्ययोजना और क्रियान्वयन के लिए चिन्हित जिलों को प्रस्तुति के लिए चुना गया। मध्यप्रदेश की ओर से इस हेतु मंडला जिले का प्रस्तुति हेतु चयन किया गया। जिले की ओर से कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा पीएम जनमन अंतर्गत शत प्रतिशत प्रगति के लिए तैयार कार्ययोजना और उसके क्रियान्वयन के लिए सतत चरणबद्ध अनुश्रवण प्रक्रिया की विस्तृत प्रस्तुति की गई। इसके अंतर्गत जिले में पीएम जनमन आवास को शीघ्र पूरा कराने हेतु किए गए नवाचार जैसे सामाग्री प्रबंधन, राज मिस्त्रियों का प्रशिक्षण, जिले में बनी प्रदेश की पहली पीएम जनमन आंगनबाड़ी का निर्माण और लोकार्पण के लिए मंडला की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई। कॉफ्रेंस के पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा अन्य राज्यों को मंडला जिले की तरह कार्ययोजना बनाकर कार्य करने का सुझाव दिया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए मंच से मंडला जिले को बधाई दी गई।

प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने किया जनपद पंचायत मोहगांव क्षेत्र का दौरा

मण्डला। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट द्वारा जनपद पंचायत मोहगांव के ग्राम कुम्हर्रा में रिज टू वैली कॉन्सेप्ट पर मनरेगा कन्वर्जेन्स एवं अन्य योजना से किये गए जल संवर्धन कार्यों का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने समूह से ग्राम की कार्य योजना पर चर्चा की तथा कंटूर ट्रेंच, बोल्डर चेक, गेबियन, बोल्डर बंड, जल कुंड, सिचाई व्यवस्था हेतु सोलर लिफ्ट इरिगेशन, मल्टी लेयर क्रोपिंग, मुर्गी पालन, पशु पालन, पशु पोषण यूनिट आदि के कार्यों के स्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ ने ग्राम को सभी योजनाओं से सेचुरेशन मोड पर ले जाकर आदर्श ग्राम बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद मोहगांव, सहायक यंत्री मोहगांव, सरपंच कुम्हर्रा, जनपद सदस्य, एग्रीकल्चर, प्रदान, ग्राम समूह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सड़क तक लग रही दुकानें, यात्री बसों को हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नारायणगंज के बस स्टैंड से मण्डला एवं जबलपुर जाने वाले वाले मुख्य मार्ग में दुकानदार अपनी दुकानों को छोड़कर मुख्य मार्ग तक दुकानें लगा रहे हैं। सड़कों तक फैले दुकानों के समानों से जहां यातायात प्रभावित हो रहा है तो वहीं दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है विशेषकर जब इस मार्ग से यात्री बसें गुजरती हैं तो आने-जाने वाले राहगीरों की सांसे अटकी होती हैं और उस समय तो और भी दुविधा की स्थिति बनती है जब सामने से ही कोई दूसरी यात्री बस आ रही हो अब ऐसी स्थिति में बसों का क्रास होना लगभग असंभव सा कार्य होता है थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को इस मामले में शीघ्र संज्ञान लेते हुये कार्यवाही करनी चाहिये और इन दुकानदारों को समझाईश देते हुये इन्हें अपनी दुकानों का समान दुकानों अंदर तक ही सीमित करने के निर्देश देने चाहिये। यह कार्यवाही न केवल राहगीरों के लिये बल्कि उन बस चालकों के लिये भी उचित है और इन दुकानदारों की सुरक्षा भी इसमें निहित है।

हो चालानी कार्यवाही

स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को दण्डात्मक कार्यवाही के लिये भी तैयार रहना चाहिये यदि दुकानदार उनकी समझाईश पर ध्यान नहीं देते तो निश्चित रूप से चालानी कार्यवाही की जानी चाहिये और यह प्रक्रिया लगातार जारी रहनी चाहिये ताकि दुकानदारों द्वारा सड़क पर किया जा रहा अतिक्रमण हमेंशा के लिये बंद हो सके।

संविधान गौरव अभियान के तहत 23 जनवरी को संगोष्ठी का आयोजन

मण्डला। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 नवंबर 2015 को भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस संपूर्ण भारत में मनाया गया सभी के लिए संविधान पवित्र एवं सर्वोच्च है तबसे प्रत्येक वर्ष संविधान के सम्मान में संविधान दिवस मनाते आ रहे हैं भारतीय संविधान की 75वीं गौरवशाली यात्रा पर संविधान निर्माता भारत रत्न श्रद्वेय बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में पंचतीर्थ के निर्माण के साथ अनेक प्रेरणात्मक कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नेतृत्व में संभव हुए हैं, भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में 11 जनवरी से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। मण्डला नगर में 23 जनवरी को अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश जाटव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की उपस्थिति में संविधान गौरव अभियान के तहत स्थानीय उदय चौंक में संगोष्ठी आयोजित की गयी है। संगोष्ठी का आयोजन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें भारतीय जनता पार्टी के अनेक वक्ता संविधान गौरव अभियान के तहत अपना वक्तव्य प्रदान करेंगे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यक्रम में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जीवन दर्शन एवं उनके संघर्षों का स्मरण करते हुए उनके द्वारा निर्मित संविधान के गौरव पर चर्चा होगी। उपरोक्त संगोष्ठी में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं जिले के नागरिकों से उपस्थिति हेतु आग्रह किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के सभी 19 मण्डलों में एक साथ संविधान गौरव अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित की गयी है इस आयोजन में मण्डल के कार्यकर्ता आम नागरिक एक साथ एकत्रित होकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं नीति निर्देशक तत्वों को पढ़ेंगे एवं इस पर संक्षिप्त चर्चा होगी। भारत रत्न श्रद्वेय बाबा भीमराव अंबेडकर जी के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी प्रतिबद्वता के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जायेगा। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान विषय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये चोरी करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मण्डला थाना कोतवाली पुलिस को दिनांक 16 जनवरी को एक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें रिपोर्टकर्ता बडी. खैरी मड़ला निवासी मंजूल कुमार पटेल ने बताया कि दिनांक 13 जनवरी को प्रयागराज गया था तथा 15 जनवरी के शाम उनकी पत्नी व बच्चें भी रिस्तेदार के यहां गये थे जब 16 जनवरी 2025 की सुबह उनकी पत्नी वापस आकर देखा तो पाया कि किसी अज्ञात चोर द्वारा सुना घर देखकर हॉल का ताला तोड़कर सामानों को अस्त व्यस्त कर व गोदरेज आलमारी का लॉकर तोड़कर रखे हुए सोने एवं चांदी के आभूषण व नगदी चोरी करके ले गये हैं। उक्त रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली में 37/2025 धारा 331(3), 305(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त चोरी की रिपोर्ट पर तत्काल तत्परता से कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा घटना स्थल का सुक्ष्म निरीक्षण कर वारदात के तरीके आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त किये गये। साथ ही उक्त अज्ञात आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु हरसंभव प्रयास करते हुए पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र भी सक्रिय किये गयें। साथ ही थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा अलग अलग कार्यों के लिए टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा जमीनी स्तर पर प्राप्त जानकारी, मामलें में विवेचना के दौरान प्राप्त तकनीकी जानकारी के आधार पर चिन्हित करते हुये संदेही प्रदीप उर्फ चारली पिता रमेश सोनवानी उम्र 27 वर्ष निवासी बड़ी खैरी मंडला व आरोपी राहुल चौधरी पिता गोपाल प्रसाद चौधरी उम्र 26 वर्ष बडी. खैरी मंडला को अभिरक्षा में लेते हुये पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों नें दिनांक 15 व 16 जनवरी के दरमियानी रात बड़ी खैरी स्थित उक्त सूने मकान का ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार किया। उक्त दोनों आरोपियों की निशादेही पर चुराये हुये सोने व चांदी के आभूषण कीमती लगभग 3 लाख रूपये के तथा नगद 3500 रूपये जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया हैं।

कार्यवाही | **परिषद की चिन्हित जगहों पर नहीं दिये जायेंगे धारणाधिकार के पट्टे।**

निवास नगर परिषद दो वर्ष पूर्व के प्रस्ताव पर अडिग

*** नियमानुसार पट्टे देने की कार्यवाही चलती रहेगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास

बीते दिवस नगर क्षेत्र के व्यापारियों की दुकानों को हटाने सम्बन्धी जानकारी मिलने पर आक्रोशित दुकानदारों ने नगर परिषद के समक्ष काफी हो हल्ला किया था,साथ ही परिषद से मांग भी की थी कि हमको पहले दुकान दी जायें उसके बाद ही अतिक्रमण हटाया जाये।

आज इसी तारतम्य में परिषद की सामान्य सभा आहूत की गई जिसमें विकास कार्यों से संबंधित 15 बिंदुओं पर चर्चा हुई, उक्त सभा में चर्चा के दौरान खास बात यह निकल कर आई कि निवास नगर परिषद ने वर्ष 10/01/2023 एक प्रस्ताव पारित कर शासकीय भूमि जैसे- नाला निकासी के आसपास की भूमि, स्कूल हॉट बाजार, हॉस्टल, तहसील कार्यालय के सामने, न्यायालय के सामने, बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस के सामने, एवं अन्य स्थलों की शासकीय भूमि में निकाय द्वारा चौपाटी निर्माण, मछली मार्केट बनाने सहित अन्य निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं, उक्त सभी जगहों में मध्यप्रदेश नजूल निवर्तन नियम 2020 के तहत धारणाधिकार अधिनियम अंतर्गत किसी भी आवेदक को पट्टा देने से इंकार का प्रस्ताव व आवेदन जिला पंचायत को दिया जाकर रोक लगाई गई है, ऐसी स्थिति में धारणाधिकार योजना के आवेदकों ने जिस जगह के पट्टे की मांग की है वो खटाई में पड़ता दिख रहा है,क्योंकि उक्त जगह के अलावा अन्य क्षेत्रों या वार्डों में व्यवसाय या आवेदकों के काबिल भूमि उपलब्ध नहीं है।

परिषद ने एक मतेन यह भी कहा कि 2014 से पहले जो भी नजूल या शासकीय भूमि में आवास बनाकर रह रहे हैं उनको नियमानुसार पट्टे देने की कार्यवाही चलती रहेगी। वहीं राज्य सरकार की योजना के तहत स्ट्रीट बेंडरो को सशर्त दस हजार की सहायता राशि भी परिषद के माध्यम से एसबीआई बैंक द्वारा दी गई है साथ ही परिषद इन सभी से दैनिक राजस्व भी बसूल रही है इसके बावजूद इन छोटे दुकानदारों को कब स्थाई दुकान मिलेगी कुछ निश्चित नहीं है।

बड़े घाटे में चल रही निवास परिषद

निकाय बिजली बिल अदायगी से बेहद कम जल प्रदाय का राजस्व बसूल रही है, कर्मचारियों को वेतन भी देने में परिषद को वित्तीय व्यवस्था करने में परेशानी हो रही है। सभा में अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित ज्यादातर पार्षदों ने जल कनेक्शन राशि सौ रुपये मासिक करने का मशवरा दिया लेकिन विपक्ष के पार्षदों ने इसको जन विरोधी बताकर अन्य स्त्रोतों से आय बढ़ाने कहकर टाल दिया। ज्ञात हो कि नगर निवास में बारह सौ पचास जल प्रदाय कनेक्शन चालू हैं और परिषद प्रत्येक से पचास रुपये मासिक बसूलने पर प्रत्येक महीने बासठ हजार पाँच सौ ही प्राप्त हो रहे हैं, जबकि बिजली बिल लाखों में चुकाना पड़ रहा है। साथ ही कोरोना काल से अब तक दो से ज्यादा बार बाजार हाट को नीलामी में देने की पहल की गई लेकिन हर बार बढ़ती राशि के कारण कोई भी ठेकेदार बाजार लेने को तैयार नहीं हुआ, नतीजन परिषद के कर्मचारी ही बाजार राजस्व बसूली कर रहे हैं जिससे दुकानदार व परिषद खुद ही असंतुष्ट नजर आ रही है।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

गाडरवारा। बुधवार से विकास खंड साईंखेड़ा एवं चीचली के शासकीय स्कूलों के छात्र छात्राओ हेतु 2 दिवसीय जिला स्तरीय ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन प्रारंभ हो गया। इसके चलते पहले दिन कक्षा 02 से 03 के तीनों विषय एवं कक्षा 06 से 08 के हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत विषय की परीक्षा साईंखेड़ा ब्लॉक के केंद्र बीटीआईं स्कूल गाडरवारा एवं चीचली ब्लॉक के केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली मे अलग अलग पालियो मे आयोजित हुईं। इस परीक्षा मे शामिल करवाने हेतु छात्र छात्राओं को बसों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों तक लाया गया था एवं उनके लिए केंद्र पर ही भोजन व्यवस्था रखी गईं थी। बुधवार को परीक्षा का निरीक्षण दोनों केंद्रों पर डीपीसी डॉ आर के चतुर्वेदी, एपीसी समीर त्यागी ने एवं चीचली मे डाइट प्राचार्य व उनकी टीम ने किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा बीईओ प्रतुल इंदुरख्या,बीआरसी डी के पटैल,संदीप स्थापक, प्राचार्य सुनीता पटैल, भूपेश ठाकुर ने निरीक्षण किया। इसी तरह आज 23 जनवरी को को कक्षा 04 से 05 के सभी विषय एवं कक्षा 06 से 08 के विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। पहले दिन बीएसी अरुण दुबे, पवन राजोरिया, मनमोहन शर्मा, के के राजोरिया, मनमोहन शर्मा, मलखान मेहरा, सत्यम तामकार आदि का सहयोग रहा।

जलाई जा रही पतरोई से निकलने वाली कालिख बनी परेशानी का कारण

गाडरवारा। लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण को लेकर न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही आम लोगों द्वारा जिसका परिणाम यह जान पड़ने लगा है कि क्षेत्र की स्थिति एक दिन इस प्रकार से बन जावेगी जिस प्रकार से देश की राजधानी दिल्ली में निर्मित होते हुये देखी जा रही है, क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में गन्ना कटाई का कार्य पूर्ण होने के बाद जहां किसानों द्वारा अपने खेतों को खाली करने के लिये खेतों में पड़ी हुई गन्ने की पतरोई को धडल्ले से जलाया जा रहा है, वही दूसरी ओर क्षेत्र की शुगर मिलों में काम करने के लिये बाहर से आये हुये लोगों द्वारा भी अपनी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये गन्ने की फसल को पहले आग के हवाले करते हुये कटाई की जा रही है।

बढ़ रहा शहरों से लेकर गांव गांव ट्यूशनखोरी का कारोबार

गाडरवारा। जहां एक ओर सरकार द्वारा बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छे स्कूलों की व्यवस्था के साथ साथ अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। वही स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा बच्चों का भविष्य सुधारने के लिए अच्छी सेलरी प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर सहित क्षेत्र के अनेक शासकीय व निजी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों द्वारा बच्चों को स्कूल में अच्छी पढ़ाई कराने की जगह उन्हें ट्यूशन लगाने के लिए जिस प्रकार से मजबूर किया जाता है उसके चलते अब स्थिति इस प्रकार से दिखाई देने लगी है कि नगर की हर कुलिया व कालोनियों में ट्यूशन खोरी की धंधा सट्टे के कारोबार की तर्ज पर पूर्ण चरम पर दिखाई देने लगा है? क्योंकि इस समय फरवरी माह बीतने को है जिसके चलते शहर की शासकीय और अशासकीय शिक्षण संस्थाओं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा अपने स्कूलों के बच्चों के कोर्स की पढ़ाई तेज से कराने में जुट गये है। वही अभिभावकों की माने तो अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में तो अध्यापन व्यवस्था ठीक होने से कोर्स की पढ़ाई पूरी होने की गति से बढ़ रही है। लेकिन छुट्टियों की अधिकता और कथित तौर पर शिक्षकों की उदासीनता की बजह से जो कोर्स की पढ़ाई पूरी होने में जहां रूकावट आई थी उसे दूर करने में शासकीय स्कूलों के अधिकतर शिक्षकों को ठंड के मौसम में भी पसीना आते हुए दिखाई दे रहा है?

राठी तिरहा से बस पुराना बस स्टैंड जाने वाले मार्ग की सड़क के पर दिन भर रहता है लोडिंग वाहन मालिकों का अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर का मुख्य मार्ग माने जाने वाला रास्ता राठी तिरहा से पुरानी गल्लामंडी होते हुये नया बस स्टेन्ड तक पहुंचने वाली सीमेन्ट सड़क कई वर्ष पुरानी होने के कारण आमजन के लिये परेशान होना पड़ रहा था। क्योंकि यह नगर का प्रमुख मार्ग इसलिये माना जाता है, इसी मार्ग से जहां मुख्य बाजार को पहुंचा जाता है, वही दूसरी ओर मंडी से लेकर पेट्रोल पंपों सहित अनेक शिक्षण संस्थाओं के लिये पहुंचने वाली सड़क होने के कारण जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के लिये नगरवासियों द्वारा लगातार मांग उठाई जा रही थी जिसके चलते बड़ी मुश्किलों के बीच जब इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली तो नगरवासी खुशी से झूमते हुये देखे गये। मगर इस सड़क का निर्माण कार्य करने वाली एक निजी कंपनी द्वारा खुदाई करने के उपरांत निर्माण कार्य को बीच में ही छोड़ दिया गया था उसके चलते जहां नगर के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। मगर उम्मीद थी कि शायद कुछ परेशानियां झेलने के बाद सुविधा मिलेगी वह एक सपना साबित होते हुये जान पड़ रहा है। क्योंकि कुछ सालों पहले बड़ी मुश्किलों के बाद इस सड़क का निर्माण कार्य तो हो चुका है। मगर इस सड़क के निर्माण होने के बाद भी आम लोगों को परेशानियों से निजात मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है? क्योंकि इस मुश्किलों के बीच निर्मित इस सीमेन्ट सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सड़क की पूरी एक पट्टी पर जिस प्रकार से लोडिंग वाहन मालिकों द्वारा कब्जा जमा लिये जाने के बाद इस समय यहां से यातायात व्यवस्था मात्र एक पट्टी के भरोसे ही चलते हुये देखी जा

रही है। बताया जाता है कि नगर के राठी तिरहा से पुराने बस स्टेन्ड तक अनेक बड़ी लोहा सीमेन्ट सहित अन्य सामग्री की दुकाने संचालित हो रही है जिनका समान ग्राहकों के घरो तक पहुंचाने वाले अनेक प्रकार के लोडिंग वाहन मालिक इसी सड़क की एक पट्टी पर अपने वाहन खड़े करते हुये अघोषित रूप से दिन भर अतिक्रमण करते हुये कब्जा करने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार का हाल नये बस स्टेन्ड के पास भी देखने मिल रहा है जहां पर नवनिर्मित इस सड़क की एक साईड की पट्टी पर लोडिंग वाहनों के आलवा अनेक दुकानदारों द्वारा अपना कब्जा जमा लिया गया है? जिसका परिणाम है कि इस सड़क की एक साईड की पट्टी से जहां वाहन मालिकों का कब्जा होने से यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से बंद होने के कारण आमजन को अपने वाहन मात्र एक ही पट्टी से निकालने के लिये मजबूर रहने की स्थिति में जब बीच में कोई बड़ा वाहन फंस जाता है तो काफी समय तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। रही सही कसर यहां पर मनमाने तरीके से खड़े रहने वाले आटों कसर पूरी करते हुये जान पड़ रहे है। इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी का सामना उन छोटे वाहन चालकों को करना पड़ता है जो दो पहिया वाहन से अपने परिवार को लेकर यहां से कही निकलकर जा रहे होते है या फिर कोई महिला स्कूटी के माध्यम से इस मार्ग से निकल रही होती है। वही दूसरी ओर हाथ ठेला के भरोसे अपनी रोजी रोटी कमाने वालो द्वारा इस प्रकार से सड़क पर अघोषित रूप से लोडिंग वाहन मालिकों द्वारा किये गये अपने वाहनों के माध्यम से अतिक्रमण के चलते उनकी रोजी रोटी भी छिनने से नही चूक पा रही है। यदि गौर किया जावे तो इसी मार्ग के किनारे अनेक ट्रांसपोर्ट भी संचालित हो रहे है जिन का माल आने ले जाने वाले ट्रको की लोडिंग व अनलोडिंग भी इसी सड़क पर खड़े करते हुये किये जाने के कारण आम लोगों के लिये परेशानी का सबब बनने से नही चूक पा रहा है। जिसके चलते यदि सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बड़ी मुश्किल से बनकर तैयार हुई इस सड़क को लेकर जिस प्रकार से नगर के लोगों ने सोचा था कि उन्हें परेशानी से निजात मिल जावेगी मगर जिम्मेदार अधिकारियों की अनादेखी के चलते वह मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है? इस तरह सड़क पर लगातार बढ़ रही वाहनों के अतिक्रमण की सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान न देना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की यह अनदेखी एक बड़ी घटना को ओर संकेत देते हुये जान पड़ रही है? जबकि प्रतिदिन इस मार्ग से पुलिस अधिकारियों के साथ साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का निकलना होता रहता है, मगर वह भी चुपचाप इस सच्चाई को देखते हुये नजर अंदाज करते हुये निकलने से नही चूक पाते है, जिसके चलते इस मार्ग पर पूर्णरूप से लोडिंग वाहन मालिको का कब्जा होने के कारण आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है। जबकि नगर की सड़को पर यातायात में सुधार लाने के लिये पुलिस द्वारा घुमाये जाने वाला डंडा इस ओर नही घूमने के कारण आमजन को परेशान होने के साथ साथ किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

आज भीष्म पितामह जयंती पर कौरव सेवा समिति द्वारा किया जावेगा भव्य महाआरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मानव समाज के अराध्य भगवान गंगापुत्र भीष्म पितामह की जयंती हर वर्ष कौरव समाज द्वारा जिस तरह बडे ही धूमधाम के साथ मनाई जाती है उसी प्रकार से इस वर्ष भी कौरव सेवा समिति व संपूर्ण कौरव समाज द्वारा गंगापुत्र भीष्म पितामह की प्रतिज्ञा के कीर्तिमान को अटल मानते हुये मानव सेवा के रूप में मनाने के लिये अग्रसर होते हुये देखी जा रही है। जिस तरह गंगापुत्र भीष्म पितामह को मानव समाज के अराध्य भगवान माना जाता है। क्योंकि उनकी सोच सदा ही मानव सेवा के रूप में रहने के चलते कौरव सेवा समिति द्वारा उनके कदमों पर चलते हुये जहां मानव सेवा के रूप पर उनकी जयंती के पावन अवसर पर पीड़ितों की सहायता के लिये लगातार अनेक प्रकार के आयोजन किया जाते है। वही दूसरी ओर कौरव सेवा समिति एवं कौरव युवा सभा के द्वारा आज गुरूवार को कौरव समाज एवं सकल समाज के आराध्य भीष्म पितामह जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में गाडरवारा शहर से लेकर गांव गांव विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गंगापुत्र भीष्म पितामह की जयंती के मौके पर कौरव सेवा समिति द्वारा आज नगर के उत्सव भवन में शाम पांच बजे भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कौरव सेवा समिति हर साल जहां गर्मी के दिनों में सड़को पर प्यासे भटकते हुये मूक पशुओं के लिये पानी की व्यवस्था करना तथा ठंड के दिनों में ठंड से परेशान होकर नगर की रेल्वे स्टेशन, बस स्टेन्ड सहित अन्य जगहों पर भ्रमण करने वाले गरीबों के लिये कम्बल वितरण करना तथा समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं सहित युवाओं का सम्मान करने के कार्य निरंतर जारी रहते है।

ब्लाक शिक्षा अधिकारी सहित बीआरसी ने अशासकीय स्कूलों के संचालकों की बैठक में दिये दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

स्थानीय शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय मे संकुल प्राचार्यो एवं अशासकीय स्कूलों के संचालको की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार एवं डीपीसी डॉ आर के चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे किया गया। बैठक मे प्रमुख रूप से यू डाइस पोर्टल पर ड्राप बॉक्स की अधतन स्तिथि,जाति, जन्म प्रमाण पत्र, अपार आईडी निर्माण की प्रगति सहित बोर्ड परीक्षा कीतैयारियो पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक मे बीईओ प्रतुल इंदुरख्या ने कहा कि स्कूलों मे छात्र छात्राओं के लिए अपार आईडी बनना अत्यंत जरुरी है। वर्तमान स्तिथि मे अपार आईडी निर्माण की प्रगति कम है जिसके चलते निर्देश दिये गये कि सभी प्राचार्य इस कार्य को जल्द पूर्ण कराएं। वही बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि यू डाइस पोर्टल के ड्राप बॉक्स मे अनेक छात्र छात्राएं प्रदर्शित हो रहे है तो सभी प्राचार्य इस दिशा मे जल्द कार्य पूर्ण करते हुए ड्राप बॉक्स खाली कराएं। बैठक मे संकुल प्राचार्य आरती पाठक, सुनीता पटैल, एस के मिश्रा, चन्द्रकांत विश्वकर्मा,आनंद चौकसे ने भी पेंडिंग कार्यों को जल्द निपटाने एवं बोर्ड परीक्षा की तैयारी बेहतर ढंग से करवाने की बात पर जोर दिया। अशासकीय स्कूलों से बैठक मे उपस्थित जितेंद्र नामदेव, राहुल मिश्रा, गुंजन पाठक, राहुल मिश्रा, राकेश अवस्थी सहित अन्य ने भरोसा दिलाया कि हम सभी अपार आईडी, ड्राप बॉक्स सहित अन्य लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करेंगे। बैठक मे एमआईएस वेद प्रकाश राजपूत ने तकनीकी समस्याओ के हल हेतु सुझाव दिए। बैठक मे बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजौरिया सहित जनशिक्षको, संकुल प्राचार्यो एवं अशासकीय स्कूलों के संचालक व प्राचार्य उपस्थित रहे।

बुलट की फटाखेनुमा आवाज ने नगरवासियों की रात की नींद हो रही मुश्किल, मनमानी वालों पर अंकुश लगाने में प्रशासन असफल

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, सड़कों पर हजारो वाहनो की आवाजाही होती रहती है किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि अधिकतर वाहन चालक तेज गति से तो वाहन चलाते ही है साथ ही ओवर लोड वाहन भी फर्राटे से सड़कों पर दौड़ाये जाते है। बताया जाता है कि अनियंत्रित गति से नगर के मुख्य मार्गो पर दौड़ रहे वाहनो से यातायात व्यवस्था तो भंग हो ही रही है साथ ही कभी कभार जाम की स्थिति निर्मित होने से राहगीरो की भी मुसीबत हो रही है। वही शहरवासियो का कहना है कि नगर की सड़के संकीर्ण होने से

अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनो के कारण दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है। वही दूसरी ओर इस समय आधी रात को नगर की सड़कों पर फटाखा के समान आवाज निकालते हुए दौड़ रही बुलट गाड़ी के चलते जहां लोगों का रात के समय सोना मुश्किल हो रहा है वही दूसरी ओर नगर की शांति व्यवस्था को भी ग्रहण लगते हुए देखा जा रहा है। बताया जाता है कि रात के समय कुछ युवकों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो के आलवा अन्य कुलियों में देर रात को अपनी बुलट गाड़ी को लेकर इस प्रकार से दौड़ाते हुए उससे फटाखा की तरह तरह आवाज निकाली जाती है जिसक चलते जहां रात में सोने वाले लोगों की नीद तो खराब होती ही है साथ साथ अपनी पढ़ाई में जुटे हुए छात्र छात्राओं को भी पढ़ाई में व्यवधान पैदा होते हुए देखा जा रहा है..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस प्रकार से फटाखानुमा आवाज निकलने वाली यह गाड़िया पुलिस की आंखों के सामने से भी रात के समय अनेक चक्कर लगाते हुए आसानी से देखी जाती है और रात्रि कालीन गस्त व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारियों की नजरों के सामने से भी अनेको बार यह गाड़िया गुजरती रहती है। मगर इसके बाद भी पुलिस द्वारा इस प्रकार से मनमानी करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार का अंकुश नही लगाया जाना जहां आम लोगों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहा है, इसलिए जरूरी है कि आल लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा अनियंत्रित गति से व तेज आवाज करने वाले वाहन चालन पर रोक लगाई जाए।

कुंभ स्नान के लिए महंत बालक दास महाराज को माला पहनाने के धूमधाम के साथ किया रवाना

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सनातन के सबसे बड़े पर्व पर कुंभ में स्नान हेतु श्री प्रयागराज जाने के लिए क्षेत्र के लोगों में बड़ा ही उत्साह देखा जा रहा है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में पुण्य लाभ अर्जित करने के लिये लोग रेलगाड़ी, निजी वाहन और प्राइवेट बस सेवा द्वारा क्षेत्रीय श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में समूह बनाकर प्रयागराज प्रस्थान कर रहे हैं। इसी क्रम में बीते हुये दिवस स्थानीय श्रीदेव रामजानकी खिरका मंदिर के महंत बालक दास महाराज के कुंभ में स्नान हेतु मंदिर से रवानगी डालने पर गौशाला परिवार द्वारा उन्हें नारियल ,शाल , श्रीफल भेंट कर फूल माला के साथ सफल यात्रा की कामना करते हुये रवाना किया गया। ज्ञात होगी 25, 26 जनवरी को प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के पंडाल में केंद्रीय संत मार्ग दर्शक मंडल की बैठक आयोजित होने जा रही है। इस बैठक में महंत बालक दास महाराज भाग लेंगे और कुंभ में स्नान करेंगे । इस अवसर पर बोलते हुए बसंत जोशी ने कहा कि यह कुंभ समागम न केवल लाखों श्रद्धालुओं को एकजुट करता है बल्कि भारतीय संस्कृति की गहरी धरोहर और विश्वास को पुनः जागृत करता हैरमहंत बालक दास ने सभी से प्रयागराज पहुंचने का आवाहन करते हुए कहा कि कुंभ मेला एक धार्मिक आयोजन के साथ साथ, यह भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ने और आध्यात्मिक उन्नति की ओर बढ़ाने की यात्रा है । इस अवसर पर अरविंद पाराशर, राजा शर्मा, प्रवेश राय, आभास कौरव, मनोज अवस्थी, प्रशांत पाठक, विशाल परचानी, राजू गुर्जर , रामनारायण लोधी, मंगल सिंह, सिद्धार्थ गुप्ता केशव गूजर सहित अन्य लोग मौजूद थें।

अचानक चलते हुये ट्रक में आग लगने से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। बुधवार को लोग जहां भगवान राम लला का मंदिर में स्थापित होने की वर्षगांठ के चलते भक्ति में लीन नजर आ रहे थें। मगर दोपहर के समय नगर के वायपास मार्ग रिलाइंस पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग से जा रही एक भारी भरकम ट्रक में जब लोगों द्वारा आग का शोला उठते हुये देखा गया तो सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया। वही दूसरी ओर सड़क से निकल रहे अन्य वाहन चालको द्वारा अपने वाहनों को सुरक्षित रखने की सोच के चलते अन्य मार्गो से प्रवेश करा दिया गया। मगर वह तो अच्छा हुआ कि आग पर समय रहते हुये काबू पा लेने के कारण कोई बड़ी घटना घटित नही हुई। आग लगने के पीछे क्या कारण है इसका तो अभी तक पता नही चल पाया है। मगर अनुमान लगाया जा रहा है कि मुख्य मार्ग के ऊपर से ही हाई टेंशन लाईन निकली हुई जिसके चलते अंदेशा है कि शायद ट्रक का ऊपरी भाग हाई टेंशन लाइन से टच होने के कारण यह घटना घटित हुई होगी..?

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

स्वामी विवेकानंद विषय पर जिला स्तरीय व्याख्यान आज

अनूपपुर। स्वामी विवेकानंद जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में ह्यह्यभारत का उत्कर्ष-स्वामी विवेकानंद जी विषय पर जिला स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में गुरूवार 23 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय ने सर्व संबंधितों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

बकरा चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

कोतमा। थाना क्षेत्र के अंतिम छोर में स्थित मूसवाझोरकी गांव में रहने वाले रोहित साकेत 28 वर्ष के घर मे बंधे बकरे को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। जिसके बाद फरियादी के द्वारा आसपास एवं गांव में बकरा की तलाश की गई न मिलने पर थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस ने मामले में धारा 331 (4) 305ए के तहत मामला दर्ज करते हुए चोर की पता तलाश में जुटी रही। विवेचक उपनिरीक्षक अकबर खान व एचसी राजाराम दहिया के द्वारा सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए गांव के ही रहने वाले सोनू चौधरी 22 वर्ष पिता सम्मेलन चौधरी के कब्जे से चोरी गए बकरे को बरामद करते हुए आरोपी को खिलाफ कार्रवाई की गई।

जन कल्याण शिविर का होगा आयोजन

उमरिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जिले के करकेली, मानपुर तथा पाली में 23 जनवरी 2025 को शिविरो का आयोजन किया गया है जिसमें धमनी, उरदानी, छपरौड, बरहाई, हथपुरा में शिविर आयोजित किया गया है।

गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम रिर्हसल 24 को

उमरिया। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का मुख्य समारोह अमर शहीद स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया है। मुख्य समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्दारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी तथा सांकृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसकी अंतिम रिर्हसल 24 जनवरी को अमर शहीद स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न होगी ।

लुई ब्रेल अवार्ड से सम्मानित हुए डी.एल. दाहिया

उमरिया। विश्व ब्रेल दिवस पर दृष्टिहीन विद्यालय चित्रकूट के ब्रांड एंबेसेडर दुखी लाल दाहिया को लुईब्रेल अवार्ड सम्मानित किया गया । श्री दहिया जिला उमरिया के ग्राम भरौला के निवासी हैं, जो संगीत से स्नातक के शिक्षार्थी भी है। वे स्वयं दृष्टिबाधित होकर समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए है, जिसमें इन्हें संस्कृति के क्षेत्र में, संदेशनाट्य मंच दिल्ली व कृषि के क्षेत्र में भी राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।

मेंटेनेंस कार्य होने के कारण 3 घंटे विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

कोतमा। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य होने की वजह से 23 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 2:00 बजे तक 3 घंटे विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कोतमा सबस्टेशन से निकलने वाली 33 केवी फीडर 1.33 केवी बिजुरी रिंग फीडर 2.33 केवी भालूमाड़ा रिंग फीडर 33 केवी कदम टोला 11 केवी फीडर 11 केवी कोतमा टाउन फीडर में कोतमा शहर 11 केवी बदरा फीडर में बुढ़ानपुर गोहंड़ा पैरीचुआ 11 केवी बेलिया फीडर में आने वाली समस्त ग्रामीण क्षेत्र के गांव रेउला बेलिया पिपरिया जोगी टोला राजकछार सड्डी देगावा सेमरिया जमुनिहा लोढ़ी शहर वा ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई 23 जनवरी को सुबह 11 बजे से 2 बजे दोपहर तक बंद रहेगी।

दिव्यांग छात्रा योजनाओं की लाभ से वंचित, किसी ने नहीं ली सुध

हाथों से लिखने में असमर्थ सुगंति पैर से गढ़ रही तकदीर

हौसले के आगे झुकी हर मुश्किल,

डिंडोरी। मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। ये पंक्तियां सुगंती अयाम पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं, क्योंकि सुगंती के दोनों हाथ जन्म से ही असमर्थ हैं बावजूद इसके उसने स्कूल जाना नहीं छोड़ा।दोनों हाथ लिखने में असमर्थ होने की वजह से सुगंती ने पैर में पेन फंसाकर लिखना शुरू किया था और अब वो पैर से लिखने में कितनी कुशल और दक्ष हो चुकी है जिसका अंदाजा उसकी राइटिंग और दसवीं की परीक्षा परिणाम को देखकर बड़ी आसानी से लगाया जा सकता है। सामान्य व्यक्ति के हाथों से लिखने की स्पीड और हैंडराइटिंग से कहीं बेहतर सुगंती पैर से लिख लेती है। बीते वर्ष ही सुगंती ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 64 प्रतिशत अंकों के साथ फर्स्ट डिवीजन में पास किया है। हमारे संवाददाता से बात करते हुए सुगंती ने कहा की वे पढ़ लिखकर अपने मजदूर माता पिता का सहारा बनना चाहती है,साथ ही उसने आईएएस अधिकारी बनने की इच्छा भी जाहिर की है। सुगंती ने बताया की बचपन से ही उसकी मां ने पढाई के लिए प्रेरित किया और पैर से ही लिखना सिखाया है। सुगंती के माता पिता मेहनत मजदूरी करके जैसे तैसे उसे पढ़ा रहे हैं। सुगंती के गांव से स्कूल की दूरी करीब दस किलोमीटर है और स्कूल आने जाने में रोज बीस रूपये किराये में खर्च हो जाता है। सुगंती के दोनों हाथ बेकार होने के साथ साथ उसके पैर भी ठीक से काम नहीं करते हैं लिहाजा वो ठीक से चल भी नहीं पाती है ऐसे में उसकी बचपन की सहेली उसका पूरा ख्याल रखती है। सुगंती पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल गाड़ासरई में ग्यारहवीं की छात्रा है और स्कूल के शिक्षक सुगंती को विलक्षण प्रतिभा का धनी कहते हुए बताते हैं की सुगंती नियमित रूप से स्कूल आती है और बेहद ही अनुशासित तरीके से पढाई करती है।

हाई स्कूल अमरपुर में वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

डिंडोरी। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर स्थित बाल विकास विद्या मंदिर हाई स्कूल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जयराम मालवीय जयंती एवं शाला वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिया बाई पट्टा, स्थानीय ग्राम पंचायत अमरपुर सरपंच रामनाथ उइे, महेंद्र सिंह ठाकुर, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष सिद्धू सिंह मरकाम, वंदना ठाकुर सरपंच रामगढ़, अमर लाल धुर्वे, गणेश केवर्थ, पुरुषोत्तम धनंजय, अनवर खान, देव सिंह भारती, शिवांक ठाकुर सहित पालकगण मौजूद रहे। जिन्हें संस्था के संचालक अरविंद यादव के द्वारा सभी उपस्थित मुख्य अतिथियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। जिस पर अतिथियों द्वारा बच्चों को पारितोषक स्वरुप नगद राशि देकर उत्साह वर्धन किया गया। आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक व्ही पी बेलिया, टी एल यादव, के एस मरावी, खिलावन लाल यादव, राम कुमार यादव, रामेश्वर परस्ते, जगदीश ठाकुर, सुभाष चंदेल, शिक्षिका नेहा पुसार्वे, मानसी यादव, सीता सरोते, अंजना साहू, छोटे लाल यादव, जमुना बाई, अनीता बाई, राजेश यादव सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन एवं उपस्थितजनों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य एस एस मंसूरी द्वारा किया गया

छात्र - छात्राओं ने अनुभूति कार्यक्रम के तहत किया जंगल की सैर

वनोपज,और औषधि के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी

डिंडौरी न्यूज़। जिले के गाड़ासरई वन विभाग कार्यालय के द्वारा वन परिक्षेत्र पश्चिम करंजिया सा के ग्राम पंचायत चकमी अंतर्गत बीट बोयरहा के कक्ष क्रमांक 719 में वन परिक्षेत्र अधिकारी प्राची मिश्रा के मार्ग दर्शन में तथा उप वन क्षेत्रपाल आशीष कुमार मरावी के नेतृत्व में अनुभूति कार्यक्रम के तहत हाई स्कूल पंडरी पानी, झनकी एवं उमरिया के विघार्थियों को जंगल का सैर कराया गया।इस मौके पर मास्टर ट्रेनर शोभित बनवासी एवं अमृत सिंह मसराम ने जंगल में सैर कर रहें स्कूली बच्चों को दुर्लभ वनस्पति, वन्य प्राणियों के बारे में समझाया ताकि वो इन्हें आसानी से पहचान सकें। इसके अलावा पौधा लगाने के उपयोगिता के बारे और मानव जीवन में वृक्षों के महत्व को भी समझाया ।

वहीं वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण के बारे में जब बच्चों को करीब से जानने का मौका मिला तो उन्होंने जानकारी प्रदान कर रहें विभागीय लोगों से उत्सुकता वश वन से संबंधित वनोपज, औषधि,और हिंसक प्राणियों के प्रवृत्ति एवं व्यवहार व इनके हमला से बचाव के बारे में विस्तार से पूंछताछ करते रहें ।इस दौरान विमला मरावी,सेवकराम कोरचे,पालक सिंह धुर्वे **रघुवीर सिंह उइके धरमराज धुर्वे,बाबू लाल धुर्वे** सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

मुसामुंडी पंचायत में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

डिंडोरी। करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसामुंडी में पंचायत भवन के सामने मंगलवार को मप्र सरकार के दिशा निर्देश पर आनंद उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं तथा स्थानीय नागरिकों ने अलग अलग कबड्डी,खो खो, चम्मच दौड़,कुर्सी दौड़, रस्साकसी,मेंढक दौड़, वालीबॉल इत्यादि खेल में उत्साह से हिस्सा लेकर आयोजन को दिलचस्प बनाया जबकि स्कूली विद्यार्थियों ने कार्यक्रम स्थल के समीप खाने-पीने की सामग्री का स्टाल लगाकर वस्तुएं बेची। बताया गया कि कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। सरपंच कपिल आर्मो ने बातचीत में बताया कि यह प्रदेश सरकार की अनूठी पहल हैं इससे न मानसिक तनाव खत्म होता हैं बल्कि समस्त ग्रामीण एक प्लेटफार्म पर जमा होकर अपने हुनर कौशल का निःसंकोच प्रदर्शन करते हैं।यह उनके जीवन में नवाचार करने जैसा है, यघपि इस प्रकार के कार्यक्रम से मानव के मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं।

ये रहें उपस्थित - मुसामुंडी के आनंद उत्सव कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनपद सदस्य शशि हस्तपुरिया ग्राम पंचायत के सचिव गोपाल साहू ,भाजपा गोपालपुर मंडल अध्यक्ष वर्षा कुशराम, भाजपा नेता प्रदीप साहू, गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश बघेल,भाजपा महिला मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष शालिनी मरावी,जनपद सदस्य दिलीप चैबे लक्ष्मी तेकाम सरपंच मोहतरा, कुंती धुर्वे, ब्रिजेश तिवारी। पंचायत सचिव शबाना धुर्वे,सुपरवाइजर लीला ठाकुर लक्ष्मी बनावल ब्लाक कोर्डिनेटर खेल एवं युवा कल्याण विभाग अर्चना उपाध्याय, अमर लाल महोबे छोटे लाल मरावी छत्तर परस्ते समाजसेवी ललित बनावल नोडल जीतेंद्र अवधिया अरुणा महोबे,इग्नेश लाकड़ा, शिक्षक अजीत कुमार,सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर भाजपा ने किया सुंदरकांड का आयोजन

डिंडोरी

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय डिंडोरी में सुंदरकांड का आयोजन मंडल डिंडोरी के द्वारा किया गया। जिसमे विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुदील बरमैया, धन्नू बर्मन एवं श्याम झरिया सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने श्रीराम दरबार के पूजा पाठ के साथ आरती करते हुए सुंदरकांड का पाठ किया। प्रभु श्रीराम का जीवन मानवता और नैतिकता का अनुपम उदाहरण है. 500 वर्षों की प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए, गत वर्ष मोदी जी ने अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कर पूरे देश में आध्यात्मिक चेतना का पुनर्जागरण किया। यह भव्य मंदिर सदियों तक देशवासियों की आस्था और आकांक्षा का प्रतीक बना रहेगा. श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में योगदान देने वाले सभी महानुभावों का स्मरण कर उनका आभार व्यक्त करता हूं. मोदी सरकार सांस्कृतिक विरासतों के पुनरुत्थान की दिशा में समर्पित भाव से कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश का समिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री जयसिंह मरावी, जिला मंत्री कीर्ति गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर दत्त तिवारी, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश धूमकेती, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नर्मदा मरकाम, सुशील राय, अविनाश छाबड़ा, हर्षवर्धन कटारे, राजेन्द्र परमार, राजेन्द्र यादव, रुपाली जैन, रजनी श्रीवास, रम्मू वैश्य, नरेश चंदेल, त्रिलोक ठाकुर, धनेश धनंजय, तरुण ठाकुर, धर्मेंद्र जैतवार, पीताम्बर पाराशर, यशवंत तोमर, लक्ष्मण बिलागर, अमित बर्मन, सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

डिंडौरी । बुधवार को मेंहदवानी जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत राई, केवलारदर, मसूरघुघरी, पिंडुरूखी, बुल्दा और हर्राटोला में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया। मेंहदवानी क्लस्टर में आयोजित जनशिविर शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए। विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने ग्राम पंचायत राई में 15वें वित्त के तहत 4.44 लाख राशि की सीसी रोड का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत केवलारदर में 15वें वित्त के तहत 5 लाख रूपए की लागत की सीसी रोड का भूमिपूजन एवं 4 लाख राशि की सीसी रोड का भूमिपूजन किया। विधायक धुर्वे ने ग्राम पंचायत मसूरघुघरी में 15वें वित्त के तहत सीसी रोड और जल जीवन मिशन पाइपलाइन के मरम्मत कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत बुल्दा में 15वें वित्त के तहत 7 लाख रूपये की राशि की सीसी रोड का भूमिपूजन एवं मनरेगा मद के तहत पिंडुरूखी ग्राम में खेल मैदान और बुल्दा में गोदाम भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए 45 विभागों की 63 विभिन्न सेवाओं को सुलभ रूप से पहुंचाने के लिए क्लस्टर आधारित अभियान चलाये जा रहे हैं। अब तक जिले में 55 हजार से अधिक आवेदन स्वीकार किये जा चुके है। ग्राम पंचायतों में खेल मैदान के लोकार्पण से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभा को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया जा रहा है। कुछ ऐसे लोग भी है, जिन्हें योजना का लाभ किसी कारणवश नहीं मिला पाया है, उन्हें शिविर में निराकृत कर रहे है। चिन्हित समस्याओं को हल करने लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहे है। विधायक श्री धुर्वे ने आयुष्मान कार्ड,वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान विधायक धुर्वे ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।आज आयोजित शिविरों में जिला पंचायत सदस्य रेखा आर्मो, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम, जनपद पंचायत सदस्य मुन्नीबाई मार्को सहित अन्य जनप्रतिनिधि और सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। युवा, किसान, महिला, गरीब को केंद्रित कर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जनकल्याण अभियान के तहत जिले में आयोजित शिविरों में 22 जनवरी 2025 तक राजस्व विभाग के 33041 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें से 32667 आवेदन स्वीकार किये गए है, इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग के 5776 प्राप्त आवेदनों में से 5221 आवेदन, सामान्य प्रशासन विभाग के 5874 प्राप्त आवेदनों में से 5782 आवेदन, पंचायत विभाग के 1313 प्राप्त आवेदनों में से 1144 आवेदन, महिला एवं बाल विकास विभाग के 1039 प्राप्त आवेदनों में से 956 आवेदन सहित अन्य विभागों के आवेदन स्वीकार किये गए है। समस्त विभागों से कुल 55460 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें से 52867 आवेदन स्वीकार कर लंबित आवेदनों पर कार्य किया जा रहा है।

श्रीराम कथा एवं भंडारा कार्यक्रम मां नर्मदा मंदिर अमरपुर में संपन्न

डिंडोरी। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर स्थित मां नर्मदा मंदिर जिसे स्वर्गीय सी एल जंघेला के परिवार द्वारा वर्ष 1988 में निर्माण उपरांत 21 जनवरी 1988 को जगत जननी मां नर्मदा जी की मूर्ति स्थापना कराया गया था। तब से प्रतिवर्ष 21 जनवरी को श्रीराम कीर्तन की शुरुआत कर 22 जनवरी को समापन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता हैं। जिसका आयोजन सी एल जंघेला के बाद उनकी धर्मपत्नी फूलमती, पुत्र संजय जंघेला, पारसमणी जंघेला एवं जंघेला परिवारजनों के द्वारा निरंतर आयोजित किया जा रहा हैं।

दूसरे दिन भंडारा में नगर वासियों के अलावा आस पास के गांवों से भक्तजन सम्मिलित होते हैं। दूसरे दिन बुधवार को विशाल भंडारा कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। जिस आयोजन में सभी को ससम्मान आमंत्रित किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक एवं सभी श्रद्धालुजन शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाएं।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को कराई गई दो दिवसीय कृषक शैक्षिक अध्ययन यात्रा

डिंडोरी।

जलवायु अनुकूलन कृषि कार्यक्रम के तहत डिण्डौरी जिले के अमरपुर ब्लॉक के ग्राम कचनारी, बरगा एवं बिलासर के किसानों को कृषक अध्ययन यात्रा कराई गई।किसानों को मंडला जिले के घुघरी ब्लॉक के ग्राम सालवा में दिनेश चैकसे के फार्म पर कृषक अध्ययन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत किसानों को कृषि तकनीकी फसल प्रबंधन जलवायु अनुकूलन खेती एवं सिंचाई की उन्नत तकनीक एवं कृषि में उपयोग होने वाली विशेष तरीके की मशीनों के बारे में अवगत कराया गया ।बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ पंकज कुमार एवं अमरपुर ब्लॉक के एसडीओ मानसिंह के दिशा निर्देशों एवं बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया के टेक्निकल ऑफिसर चंदन कुमार एवं मनीष भारद्वाज द्वारा किसानों को कृषि यंत्रों एव कृषि के उन्नत तरीकों से अवगत कराया गया । जिसमें अमरपुर ब्लॉक के कृषि विस्तार अधिकारी दीपा कुलेश, सुहानी घाटे मौजूद रहे।

उप तहसील गाडासरई में सम्मलित होंगे कुल 25 पटवारी हल्के एवं 49 ग्राम

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा के परिपालन में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 अनुसरण तथा म.प्र. शासन राजस्व विभाग भोपाल के पत्र के निर्देशानुसार राज्य सरकार ने डिण्डौरी जिले की तहसील बजाग के तहत राजस्व निरीक्षक मंडल गाडासरई की सीमाओं को परिवर्तित करने, नवीन उप तहसील का सृजन कर सीमाओं को परिभाषित करना प्रस्तावित किया है।

"मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिवस का अवसान होने के बाद प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा तथा उसके संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव, लिखित में, उक्त कालावधि का अवसान होने के पूर्व पदेन उप सचिव म.प्र. शासन/कलेक्टर जिला डिण्डौरी को अग्रेषित किये जा सकेंगे। तहसील बजाग मुख्यालय में कुल 4 राजस्व निरीक्षक मंडल के 80 पटवारी हल्के एवं 34 वनग्राम सहित कुल 200 ग्राम सम्मिलित हैं। जिनमें से उप तहसील कंरजिया तहसील बजाग के 2 राजस्व निरीक्षक मंडल के कुल 36 पटवारी हल्के एवं 26 वनग्राम सहित कुल 108 ग्राम के पृथक होने के बाद शेष 2 राजस्व निरीक्षक मंडल के कुल 44 पटवारी हल्के एवं 8 वनग्राम सहित कुल 92 ग्राम में से 1 राजस्व निरीक्षक मंडल गाडासरई के कुल 25 पटवारी हल्के एवं कुल 49 ग्राम अपवर्जित होकर उप तहसील गाडासरई में सम्मलित होंगे। वहीं 1 राजस्व निरीक्षक मंडल बजाग तहसील बजाग के 19 पटवारी हल्के एवं 8 वनग्राम सहित कुल 43 ग्राम तहसील बजाग में यथावत रहेंगे। जिसकी परिवर्तन के बाद तहसील की सीमाऐं उत्तर में प्रस्तावित उप तहसील गाडासरई जिला डिंडौरी, पूर्व में उप तहसील करंजिया जिला डिंडौरी, दक्षिण में तहसील पण्डरिया (छ.ग.) एवं पश्चिम में तहसील डिंडौरी जिला डिंडौरी स्थित है।

उप तहसील गाडासरई तहसील बजाग में 1 राजस्व निरीक्षक मंडल गाडासरई के कुल 25 पटवारी हल्के सहित कुल 49 ग्राम विद्यमान तहसील बजाग से अपवर्जित होकर प्रस्तावित उप तहसील गाडासरई में सम्मिलित होंगे। जिसकी सीमा उत्तर में तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनुपपुर, पूर्व में उप तहसील करंजिया जिला डिंडौरी, दक्षिण में तहसील बजाग एवं पश्चिम में तहसील डिंडौरी स्थित है।

उप तहसील करंजिया 2 राजस्व निरीक्षक मंडल करंजिया एवं गोरखपुर के कुल 36 पटवारी हल्के एवं 26 वनग्राम सहित कुल 108 ग्राम विद्यमान तहसील बजाग से पूर्व में अपवर्जित होकर उप तहसील करंजिया में यथावत रहेंगे। जिसकी सीमा उत्तर में तहसील पुष्पराजगढ जिला अनुपपुर, पूर्व में तहसील पेण्ड्रा (छ.ग.), दक्षिण में तहसील लोरमी (छ.ग.) एवं पश्चिम में तहसील बजाग जिला डिंडौरी स्थित रहेगी।

सैलवार में आनंद उत्सव कार्यक्रम आयोजित

डिंडौरी न्यूज़। जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सैलवार के हाईस्कूल मैदान पर बुधवार को मप्र सरकार के दिशा निर्देश पर सैलवार ,मुसंडा, मानिकपुर पंचायत के लिए आनंद उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि सरपंच संगीता परस्ते विशिष्ट अतिथि बिंदु श्याम ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर तिलक वंदन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात स्कूल के छात्र छात्राओं तथा स्थानीय नागरिकों ने अलग अलग कबड्डी,खो खो,कुर्सी दौड़, रस्साकसी,रीना,शैला, नृत्य,इत्यादि खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्साह से हिस्सा लेकर आयोजन को आनंदमय बनाया । सरपंच श्रीमती परस्ते ने बताया कि बताया कि आज के इस कार्यक्रम के दरमियान लोगों में उल्लास छाया रहा खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं और पुरुषों में खेलों के प्रति लगाव के साथ कौतूहल और जिज्ञासा देखा गया । मप्र सरकार की यह बहुत बढ़िया पहल हैं ,जब तक कार्यक्रम चला सभी वर्ग के लोग जोशोखरोश के साथ सहभागिता करने में जुटे रहें लिहाजा ऐसे कार्यक्रमों से समाज में एकजुटता ,सकारात्मक सोच विचार और सामाजिक पहल का मार्ग प्रशस्त होता हैं।ये रहें उपस्थित -सैलवार के आनंद उत्सव कार्यक्रम के दौरान असलम खान ग्राम पंचायत के जीआरएस मदन नागवंशी कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र मरावी, गणमान्य नागरिक पन्ना लाल नागवंशी,शिक्षक श्याम सिंह मार्को, घनश्याम नागवंशी, राहुल पेंदों,अंगद सिंह धुर्वे, माधुरी धुर्वे, प्रकाश परस्ते, पंचायत सचिव तीरथ मरावी,लामू सैयाम,मोतिश कुमार,सहित अन्य सरकारी अमला एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

[करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल]

जबलपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

बाइक स्टैंड की जरूरत

तेंदूखेड़ा। शनिवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार में बाहर ग्रामीण क्षेत्रों से सामग्री खरीददारी करने आने वाले ग्राहक वर्ग जो कि अपने निजी साधनों बाइकों से आना जाना किया करते हैं। लेकिन बाजार में बाइक खड़ी करना उनके सामने एक समस्या बनी हुई है। अचानक बाइकें गुम हो जाने के कारण बाहरी लोग अब बाजार के दिन लाने से कतराने लगे हैं। आवश्यक है कि तेंदूखेड़ा में किसी एक स्थान पर जगह आरक्षित कर बाइक स्टेंड का रुप दिया जा सकता है ।बाइक मालिकों का कहना है कि भले ही थोड़ा बहुत शुल्क लग जाये लेकिन उनके मन में भय नहीं रहेगा एक निश्चितंता का भाव मन में बन जायेगा।बाइक स्टेंड बनने से जहां राजस्व की आय भी बढ़ेगी वहीं कुछ लोगों को एक रोजगार भी मिल जायेगा। बाहर से आने वाले ग्रामीणों को अभी अपनी अपनी बाइकें जहां तहां खड़ी करके जाना पड़ता है। अज्ञात चोर मौका पाकर गाड़ी उठाकर ले जाते हैं। बाजार करके लौट कर वापस आने वाले बाहन खड़ा मिलने की स्थिति में हाथ मलते रह जातें हैं।इस व्यवस्था को स्थानीय प्रशासन को तत्काल प्रभाव से लागू करने की महती आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आगमन आज

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 23 जनवरी को जिले के गोटेगांव आयेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार 23 जनवरी को दोपहर 2:25 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2:40 बजे जिले के गोटेगांव हेलीपेड आयेंगे। यहां मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपरान्ह 3:30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा गोटेगांव हेलीपैड से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

रविदास समाज का परिचय सम्मेलन 9 मार्च को

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। अहिरवार समाज महापरिषद के जिला प्रभारी रंजीत कुमार चौधरी ने बताया कि 9 मार्च 2025 दिन रविवार को मानस भवन राइट टाउन स्टेडियम के बाजू से जबलपुर रविदास में (अहिरवार) समाज का 17 व अखिल भारतीय युवक युवती परिचय परिणय सम्मेलन का आयोजन सुबह 10 से किया जा रहा है इस सम्मेलन में समस्त रविदास समाज की उपजाति अहिरवार, जाटव, कुरील, सतनामी, साकेत, लडिया, सूर्यवंशी, दोहरे के युवक एवं युवतियों के बायोडाटा आमंत्रित किया जा रहे हैं।

ओलंपियाड परीक्षा में शामिल हुए 1482 विद्यार्थी

जिले के 6 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शासन के निर्देशानुसार जिले के विद्यार्थी की प्रतिभा को निखारने के लिये जिले में ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उकत प्रतियोगिता में जिले के लगभग 1566 छात्र - छात्राओं द्वारा भाग लिया गया जिसमें प्रथम दिवस में 1566 छात्र छात्राओं में से 1482 विद्यार्थी सम्मिलित हुये। द्वितीय चरण के प्रथम दिवस की ओलंपियाड प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें प्रतिभागियों द्वारा विज्ञान, गणित, कंप्यूटर शिक्षा और अंग्रेजी कौशल को बढ़ावा देने के साथ - साथ परीक्षाओं के माध्यम से एक मंच प्रदान करके उनकी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करने के उद्देश्य से कराई जा रही है।

6 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई परीक्षा

जिले के 6 परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में प्रथम दिवस में द्वितीय चरण की ओलंपियाड प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें प्रथम दिवस में 1566 छात्र छात्राओं में से 1482 विद्यार्थी ओलंपियाड प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। परीक्षा केंद्र पर प्रत्येक छात्र छात्राओं को पहुंचाने और केंद्र से लाने की व्यवस्था की गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। विकासखंड करेली में छात्र छात्राओं को विशेष भोज परोसा गया। जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी ने कहा कि बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए छात्र प्रतिभा की पहचान करना और उसका पोषण करना है।

तर्क ज्ञान व समझ कौशल का परीक्षण

ओलंपियाड प्रतियोगिता से बच्चों में तर्क, ज्ञान और समझ कौशल का परीक्षण करता है। यह बच्चे को अलग तरीके से सोचने, अपने अनूठे तरीके से समाधान निकालने में मदद करता है। बच्चे में समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक सोच के

लिए एक छिपी हुई प्रतिभा है। जब वह इस तरह की परीक्षा देता है, तो उसे खुद को तलाशने का मौका मिलता है, उसे पता चलता है कि उसके असली कौशल क्या हैं। जिला परियोजना समन्वयक डॉ आरपी चतुर्वेदी ए पी सी समीर त्यागी द्वारा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रमेंद्र सिंह जाट, डी के पटेल, संदीप स्थापक के साथ विकासखंड करेली, चीचली, चावरपाठा, साइखेड़ा के परीक्षा केदो का अवलोकन किया गया। जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में परीक्षा केंद्र अध्यक्ष,समस्त एपीसी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, बी ए सी, जन शिक्षक एवं पालकों का विशेष सहयोग रहा।

प्रतिभागियों को दिया गया भोज

शासन के निर्देशानुसार ओलंपियाड परीक्षा के प्रतिभागी विद्यार्थियों को विशेष भोज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड करेली के परीक्षा केंद्र पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनपद शिक्षा केंद्र करेली द्वारा छात्र छात्राओं को परोसा गया। प्रतियोगिता में कक्षा 04 से 05 के सभी विषय एवं कक्षा 06 से 08 के विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा निर्धारित 6 केंद्रों पर संपन्न होना है। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिये शिक्षकों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। दूसरे दिवस की परीक्षा आज भी आयोजित की जावेगी।

आनंद उत्सव के तहत कार्यक्रम व विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर मा विद्यालय बरहटा में शासन के आदेशानुसार आनंद उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। समस्त आयोजन प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में आनंद उत्सव कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता एवं गनी सर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षक भागचंद झारिया, जे पी कोरी, गनी सर, शरद सर द्वारा सरस्वती पूजन वंदना से की गई। आनंद उत्सव कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बरहटा, सिवनी बंधा, गाडरवारा खेड़ा के सरपंच सचिव सहित सभी स्कूली बच्चों वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खो खो, कबड्डी, चम्मच दौड़, बोरा रेश, चेयर रे,एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समस्त कार्यक्रम की झलकियों की सुंदर फोटोग्राफी, वीडियो ग्राफी यश गुप्ता द्वारा बहुत ही सुन्दर तरीके से की गई। साउंड सिस्टम प्रशांत नामदेव एवं संस्था के वरिष्ठ शिक्षक भागचंद झारिया तरुवर पटेल, सुनील दिक्षित, जे पी कोरी, संतोष विश्वकर्मा, शंकर राजभर, रानू कटारे, सरिता कोरी, रक्षा चौरसिया, रोहित पटेल, आशुतोष नामदेव सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

एक दिवसीय व्याख्यानमाला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बुधवार को गायत्री शक्ति पीठ द्वारा श्रीराम शर्मा की स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन सुनील कोठारी की अध्यक्षता एवं डा अनंत दुबे के मुख्य आतिथ्य तथा अजय नागपुरे के विशिष्ठ आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा गायत्री पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत गायत्री शक्ति पीठ द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ अनंत दुबे द्वारा गायत्री की महिमा एवं गायत्री परिवार द्वारा किए जा रहे समाज हित में किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सुनील कोठारी द्वारा सभी को गायत्री उपासना की बात कही गई। गायत्री शक्ति पीठ के परिवराजक यशवंत एवं प्रकाश द्वारा अपने गीत के माध्यम से गायत्री संदेश दिया। इस अवसर पर जिले के उनके गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आचार्य थम्मन सिंह शर्मा ने गायत्री परिवार में सभी को सादर आमंत्रित किया। अंत में आभार प्रदर्शन प्रेमचंद शाक्य द्वारा किया गया।

पेंशनर समाज की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस पेंशनर समाज की तहसील शाखा कार्यकारिणी की बैठक की गई। बैठक में चर्चा हुई कि गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कहां किया जाना है इसमें कार्यकारिणी द्वारा निर्णय लिया गया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गौरी शंकर पार्क मढ़िया रोड में ठीक 9:30 बजे किया जावे। कार्यक्रम में पेंशन के साथ क्षेत्रीय वरिष्ठ जन परिषद, वीरांगना लीनेश क्लब, रामायणी मंडल सांई मंदिर भी अपनी सहभागिता देंगे। तहसील शाखा के अध्यक्ष अनिल राय ने पेंशनर समाज के सभी सदस्यों व अन्य मंडल के पदाधिकारी एवं हाऊसिंग बोर्ड कालोनी निवासियों से निवेदन किया है कि सभी सदस्य अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस राष्ट्रीय पर्व को गरिमा में तरीके से मनाने में सहयोग करें अंत में यह भी निर्णय लिया गया कि पेंशनर शाखा का कार्यालय हाउसिंग बोर्ड स्थित ही एमआईजी 14 में खोला जावेगा। जिसका उद्घाटन 26 जनवरी को ही किया जाएगा।

आज पेंशनर समाज मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री मप्र शासन भोपाल के गोटेगांव प्रवास पर दोपहर 2 बजे मप्र पेंशनर समाज के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष एस के चतुर्वेदी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पेंशनर समाज द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन कर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जावेगा।

बीके शिवानी दीदी के कार्यक्रम हेतु भूमि पूजन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रकु शिवानी दीदी का आगमन 3 फरवरी 2025 को शाम 4:30 बजे से परमहंस कॉलेज ग्राउंड खैरी नाका नरसिंहपुर में भाग्य की कलम आपके हाथ विषय पर दिव्य उद्बोधन का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में संस्थान की प्रमुख जिला संचालिका ब्रकु कुसुम दीदी के पावन सानिध्य में करेली सेवा केंद्र प्रभारी ब्रकु सरोज दीदी, ब्रकु जानकी दीदी सहित लगभग 100 ब्रह्माकुमारी कुमारी भाई बहनों ने निर्विघ्न कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष योग साधना कर परमात्मा से पवित्रता के प्रकंपन ले कर कार्यक्रम स्थल पर फैलाए एवं नारियल आदि फोड़कर भूमि पूजन किया। उक्त संबंध मे बताया गया कि 3 फरवरी शाम 4:30 बजे से इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार शक्ति राज सिंह माउंट आबू राजस्थान के द्वारा विशेष सत्र होगा। इसके बाद गुजरात से प्रसिद्ध गायिका डॉ दामिनी के शानदार आध्यात्मिक गीतों की प्रस्तुति होगी। इसके उपरांत संध्या 5:30 बजे से इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्र कु शिवानी दीदी जी का विशेष दिव्य उद्बोधन होगा। इसके पश्चात ब्र कु शिवानी दीदी के ही मार्गदर्शन में ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुड़गांव दिल्ली से पधारी ब्र कु विधात्रि दीदी के पावन सानिध्य में निशुल्क त्रिदिवसीय आत्म विकास ध्यान शिविर का कार्यक्रम 4,5 एवं 6 फरवरी को प्रतिदिन प्रात 8 से 9:30 एवं संध्या 7:30 से रात्रि 9 बजे तक प्रतिदिन स्थानीय सेवा केंद्र दिव्य संस्कार भवन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नरसिंहपुर में आयोजित किया जा रहा है।

22 लाख की लागत से बना स्वीमिंग पूल नहीं ले पाया मूर्तरुप

पांच सालों से तैयार, प्रारंभ हुये ही जहां तहां से दरकने लगा

तेंदूखेड़ा। बच्चों में तैराकी सीखनें की मंशा से नवाचार के चलते तत्कालीन कलेक्टर रोहित सिंह की पहल पर जिले में पहला स्वीमिंगपूल नगर परिषद के माध्यम से तैयार करवा कर इसमें पानी भर कर बच्चों को तैरना सीखनें के लिए लगभग 22 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण वार्ड क्रमांक 05 में पुजारी मुहल्ला में नाले के किनारे करवाया गया था। बरसात के दिनों में बाढ़ फिर मिट्टी धसकने के चलते इसमें आई दरारों के कारण गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़े हुए थे संबंधित ठेकेदार द्वारा इसको पुनः व्यवस्थित किया गया था लेकिन उसके बाद से यह स्वीमिंगपूल आज भी अपने उद्देश्य से भटककर बंद पड़ा हुआ है।

अब पुनः जहां तहां से मुंह फाड़ने लगा है।चूंकि नगर में पूर्व में रामघाट हनुमान घाट कुंडी घाट मुलुआ घाट और पुजारी मुहल्ला रिपटा नाले में बच्चे बरसात और ठंड के दिनों में जाकर जब कभी नहाते समय तैरना सीख लिया करते थे लेकिन समय की रफ्तार में बदलाव और नाले का अस्तित्व खत्म होने के कारण अब यह व्यवस्था ही खत्म हो गई है।इस व्यवस्था को पुनः शुरू करने की महती आवश्यकता है। बच्चों में भी लगभग यह गतिविधियां भी अब खत्म सी हो गई है। कभी कभार घटित होने वाली घटनाओं जलस्रोतों में फंस जाने के चलते स्वीमिंगपूल तैरना सीखनें की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को भी इस दिशा में महती भूमिका निभाने के साथ बर्बाद हो रही इस राशि की उपयोगिता पर विचार कर इसे अमलीजामा पहनाने की दिशा में पहल जरूरी है।

राष्ट्रीय प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का आज फाइनल मुकाबला, मुख्यमंत्री मोहन यादव होंगे शामिल

गोटेगांव । सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन गोटेगांव के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में राष्ट्रीय प्रो कबड्डी, क्षेत्रीय कबड्डी, महिला कबड्डी एवं अन्य एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का क्रम जारी है। सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के 41वें सोपान में आयोजित 30 लाख रुपए इनाम की प्रतियोगिता के तृतीय दिवस पर खेल सदन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को खेल एवं मैदान से जोड़ना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सहयोग क्रीड़ा मंडल की यह यात्रा प्रदेश में परंपरागत खेलों का सबसे बड़ा अभियान है। सभी वक्ताओं ने कीर्ति सुरेश स्व.मणिनागेंद्र सिंह (मोनू भैया) के प्रयासों और भावनाओं को नमन किया। प्रतियोगिता के तृतीय दिवस पर जबलपुर सांसद पंडित आशीष दुबे एवं बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे जी का साथियों के साथ खेल सदन में आगमन हुआ जिन्होंने सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव की मान्य परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी आयोजन की निरंतरता आयोजक मंडल की इच्छा शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के संस्थापक सदस्य मुलाम सिंह पटेल भैया जी एवं उनके पुत्र प्रहलाद सिंह पटेल, जालम सिंह पटेल की कर्मशीलता का उल्लेख करते हुए कहा कि अपने उद्देश्य में अपने परिवार को समर्पित करना, उनके परिवार की पहिचान है। जबलपुर सांसद ने कीर्तिशेष मणिनागेंद्र सिंह

पटेल (मोनू भैया) की व्यक्तित्व को नमन करते हुए कहा कि इस परिवार के युवा प्रबल सिंह पटेल उनके प्रयासों को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। सांसद आशीष दुबे ने आयोजक संस्था को इस पुनीत उद्देश्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री ने बताया कि प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर अखिल भारतीय पुरुष कबड्डी के लीग मैच प्रारंभ हुये जिसमें राष्ट्रीय एवं प्रो. कबड्डी खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व में बड़ी टीमों का गोटेगांव आगमन हुआ है। बताया गया है कि राष्ट्रीय कबड्डी में आदिनाथ गबले युवा पलटन मुंबई, इंडियन नेवी,राजीव गांधी स्पोर्ट्स सेंटर रोहतक, बी.बी.डी. बुलंदशहर, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बारंगगांव महाराष्ट्र,नरवाल अकैडमी,यूपी योद्धा .पंजाब यूनिवर्सिटी, तमिल तलाइवाज, एवं एमपी इलेवन मध्य प्रदेश ने अपनी प्रारंभिक दौर के मैच जीत कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के विभिन्न दिवस में मध्य प्रदेश सरकार के अनेक मंत्री गण, सांसद गण एवं विधायकों का आगमन हो रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जन्म जयंती पराक्रम दिवस को अवसर पर आयोजित समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ पंचायत ग्रामीण एवं श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत,सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते,सांसद दर्शन सिंह,सांसद विवेक बंटी साहू,सांसद राहुल सिंह, विधायक विश्वनाथ सिंह, विधायक महेंद्र नागेश, विधायक नीरज सिंह,पूर्व विधायक एनपी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा हाकम सिंह चड़ार सहित नरसिंहपुर जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा निर्माण कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन

आज 23 जनवरी दिन गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथिगणों का आगमन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में होगा। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के अलावा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विविध निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के व्यवस्थापक श्री प्रबल सिंह पटेल ने युवाओं को साथ लेकर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अपना योगदान दिया है। समापन समारोह की अध्यक्षता सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के संस्थापक सदस्य श्री मुलाम सिंह पटेल भैयाजी द्वारा की जावेगी। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने सभी आगंतुकों का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष दादूराम पटेल, स्थाई समिति के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद जैन व्यवस्थापक एवं सचिव प्रबल सिंह पटेल ,युवा आयोजन समिति के अध्यक्ष अनीश खरया ने सभी खेल प्रेमी दर्शकों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

मुख्य सड़क पर बहता है निस्तार का गंदा पानी

आवागमन में हो रही परेशानी

तेंदूखेड़ा। चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकापार से गंगई को जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क पर टेकापार में निस्तार का गंदा पानी बहनें से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। वहीं पानी भराव के चलते सड़क पर बड़ा गड्ढा बन जाने से छोटे दो पहिया वाहनों और नीचे चार पहिया वाहनों को निकलने में ज्यादा परेशानी हो रही है। चूंकि यह सड़क प्रधानमंत्री सड़क के अंतर्गत आती है।इसको तत्काल प्रभाव से पुलिया डालकर सुधारे जाने की महती आवश्यकता है।इस मार्ग को बनने से जहां गंगई बिल्थारी गांव में आवागमन में सुविधा होती है तथा समय और दूरी दोनों बचते हैं।

नेत्र जांच परामर्श शिविर 25 को

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। शंकराचार्य नेत्रालय के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच परामर्श शिविर का आयोजन 25 जनवरी 2025 दिन शनिवार को समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बरगी कॉलोनी नरसिंहपुर में किया जा रहा है। जिसमें शंकराचार्य नेत्रालय की सर्व सुविधायुक्त आई एंबुलेंस जिसमें अत्याधुनिक मशीनों द्वारा मोतियाबिंद, नाखूना, अख्सूर आदि नेत्र रोगों की निशुल्क जांच की जाएगी तथा चश्मे के नंबर भी प्रदान किए जाएंगे। वहीं स्थित मां सिद्धेश्वरी मंदिर में 21 जनवरी से 28 जनवरी तक भागवत कथा का आयोजन भी मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। इसी दौरान नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वहीं आयोजकों ने भागवत कथा श्रवण करने तथा साथ ही शिविर में अपने नेत्रों की निःशुल्क जांच कराने की सभी से अपील की है।

नाम सुधार सूचना

मैं राकेश चौहान पिता श्री रामनारायण चौहान निवासी राम वार्ड करेली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में समीर उफ सानिध्य चौहान के नाम से जारी हुआ है। जिसका पुस्तक कमांक 09768 रजिस्ट्रीकरण क्रमांक 938 दिनांक 29/05/2012 है। मेरे पुत्र सानिध्य चौहान की मार्कसीट आधार कार्ड परिवार समग्र आई डी में सानिध्य चौहान पिता राकेश चौहान है। मैं अपने पुत्र सानिध्य चौहान का आनलाईन जन्म प्रमाण बनवाना चाहता हूं जिसके नाम में संशोधन कर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। मेरे पुत्र सानिध्य चौहान पिता राकेश चौहान माँ का नाम सुषमा चौहान जन्म 03/05/2012 किये जाने की कृपा करें । इस हेतु यह शपथपत्र पेश कर रहा हूं।